RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 02 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 129 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## भिवंडी में टोरेंट पावर के खिलाफ महाविकास संघर्ष समिति ने निकाला जोरदार मोर्चा

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी,** भिवंडी की बिजली ठेकेदार टोरेंट पावर कंपनी के मनमानी कारभार के विरोध में महाविकास संघर्ष



समिति के बैनर तले शुक्रवार को भव्य मोर्चा निकाला गया।जिसमे हाथ में काली पट्टी बांधे शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों महिला पुरुष शामिल थे।हालांकि पुलिस ने इस मोर्चे को निकालने की इजाजत नहीं दी थी।बावजूद मोर्चा निकाला गया। महाविकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष व पूर्व विधायक रूपेश म्हात्रे के नेतृत्व में यह मोर्चा दोपहर में ढाई बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से शुरू हुआ।जिसकी शुरुवात शिवाजी महाराज के पुतले को पुष्पहार पहनाकर किया गया।जिसके बाद यह मोर्चा बंजारपट्टी नाका, एस टी स्टैंड से होते हुए आनंद दिघे चौक पर मनपा मुख्यालय के सामने पहुंचा।मोर्चे में शामिल महिला पुरुष इस दौरान टोरेंट पावर के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद समिति का एक शिष्टमंडल अपने विभिन्न मांगों का एक ज्ञापन उपविभागीय अधिकारी को सौंप कर मोर्चा समाप्त किया।इस दौरान संघर्ष समिति के सदस्यों ने आरोप लगाते हुए कहा कि टोरेंट पावर फास्ट मीटर,बिजली का बिल बढ़ाकर व खोटा ब्रिजिलेंस केस कर जनता पर अन्याय कर रही है।इतना ही नही समिति के लोगों का कहना था कि यदि सरकार द्वारा भिवंडी के नागरिकों को टोरेंट के अत्याचार से मुक्त नहीं कराया गया तो अगला मोर्चा वे लोग ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय पर निकालेंगे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष व माजी विधायक रुपेश म्हात्रे, पूर्व सांसद सुरेश टावरे,कांग्रेस जिला अध्यक्ष दयानंद चोरघे,अशोक पाटील,राकांपा(शरद पवार गुट)शहर अध्यक्ष शोएब गुड्डू, सुरेंद्र मुले, मनोज गगे,शिवसेना(ठाकरे गट) शहर प्रमुख प्रसाद पाटील,महेंद्र कुंभारे, संजय पवार,महेंद्र पाटील,देवा ग्रुप के सचिव तानाजी मोरे सहित बड़े तादात में महिला पुरुष शामिल थे।

# मुंबई में INDIA के जवाब में NDA!

## सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई में हुई बड़ी बैठक, अजित पवार भी पहुंचे

**मुंबईः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बृहस्पतिवार रात अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के नेताओं की एक बैठक की अध्यक्षता की. बैठक दक्षिण मुंबई में शिंदे के आधिकारिक आवास ह्यवर्षाह्न में हुई लेकिन इसके एजेंडे के बारे में तुरंत पता नहीं चला. शिंदे गुट वाली शिवसेना राज्य में गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है.**

उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र फडणवीस और अजित पवार (NCP का बागी गुट), कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल पार्टियों के प्रमुख नेता इस बैठक में शामिल हुए. रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले), प्रहार जनशक्ति, राष्ट्रीय समाज पार्टी, रैयत क्रांति संगठन, जनसुराज्य शक्ति पार्टी, बहुजन विकास आघाड़ी और पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी जैसे सत्तारूढ़ गठबंधन से संबद्ध छोटे दलों के





प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित थे. शिंदे की अगुवाई में यह बैठक ऐसे वक्त में हुई जब इंडिया अलायंस के सभी दल मुंबई ही पहुंचे हुए हैं और उनकी 31 अगस्त की एक बैठक संपन्न हुई है. 1 सितंबर को फिर से इन दलों की बैठक होनी है. विपक्षी दलों के गठबंधन ह्यइंडियाह्न ने 2024 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी करने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया. विपक्षी गठबंधन के कुछ नेताओं ने सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने और कुछ हफ्तों में एक संयुक्त एजेंडा लाने की जरूरत पर बल दिया. शीर्ष विपक्षी नेताओं ने अपने गठबंधन के तीसरे दौर की वार्ता के पहले दिन एक अनौपचारिक बैठक में कुछ घंटों के लिए मुलाकात की. विपक्षी नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें जल्द से जल्द एक साथ मिलकर उधर, डिप्टी सीएम फडणवीस ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, ह्यइये जो इंडिया अलायंस बना है. उसका कोई असर होने वाला नहीं है. ये लोग मुंबई आए हैं. इनका केवल एक अजेंडा है. मोदी जी को हटाओ, ये अजेंडा क्यों हैं. क्योंकि सारी परिवारवादी पार्टियों को ताला लगाने का काम मोदी जी के कारण हो रहा है. जो पार्टियां उनके परिवार की सेवा करती थीं, उन पार्टियों को लोग नकार रहे हैं.

# कुर्ला के माइकल चॉल समी बिल्डिंग की दीवार गिरी

## 4 से 5 लोग हुवे जख्मी कॉन्ट्रैक्टर शफात चौधरी की लापरवाही से हुवा ये हादसा

**अफजल शैख**

**मुंबई :** कुर्ला एल विभाग के अंतर्गत बीएमसी अधिकारियों ने धोका दायक बिल्डिंगों को सी १ का



नोटिस दिया गया था जिस में से कुर्ला के वार्ड नं १६७ पाइप रोड पर एक समी बिल्डिंग जो माइकल चॉल के पास है इसको भी नोटिस दी गई थी नोटिस मिलने के बाद उसको पूरी तरह से तोड़ने का काम शफात चौधरी नमक कांट्रेक्टर को दिया गया था मगर इस कांट्रेक्टर की लापरवाई जिस ने सेफ्टी का कोई खयाल नही रखा और इस बिल्डिंग को तोड़ते वक्त एक दीवार पूरी तरह से गिर गई । इस दीवार गिरने से 4 से 5 लोग घायल हो गए और एक के पैर पर फकचर होने की खबर मिली है और नीचे कुछ गाडियां खड़ी थी वो भी डेमेज हुवी है बताया जा रहा है की कांट्रेक्टर के कोई सेफ्टी का इंतजाम नहीं किया मिली जानकारी के मुताबिक ये कॉन्ट्रैक्ट शफात चौधरी को दिया गया है क्या इनको किसी की भी जान से खेलने की अनुमति मिली है सूत्रों के अनुसार ये पता चला है की शफात चौधरी के बड़े बड़े ऑफिसरों से संबंध है और कुछ पॉलिटिकल लोगो का भी साथ है इस वजह से ये सब काम इनको ऐसे ही मिल जाते है अब सवाल ये है क्या इस कॉन्ट्रैक्ट पर कोई करवाई की जायेंगी या इस हादसे को भी दबा दिया जायेगा?

# भिवंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 9 तालाबों का किया जाएगा संरक्षण

## केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल के प्रयासों को मिली सफलता

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी –** भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में 9 तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को सरकार द्वारा मंजूरी दे दी गई है।केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री कपिल पाटिल के प्रयासों से राज्य सरोवर संरक्षण विकास योजना के तहत तालाबों के विकास कार्य जल्द शुरू किये जायेंगे। इससे पहले भिवंडी शहर में वरालादेवी तालाब के संरक्षण के लिए 53 करोड़ रुपये का प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया है।राज्य पर्यावरण विभाग द्वारा राज्य तालाब संरक्षण योजना के तहत तालाब पुनर्जीवन, प्रदूषण में कमी और झील संरक्षण के लिए गांवों में तालाबों को शामिल किया गया है। तदनुसार, झील के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ क्षेत्र में वृक्षारोपण, सोलर स्ट्रीट लाइट, बेंच, निर्माल्यकलश लगाए जायेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने राज्य सरकार से भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के 9 तालाबों को राज्य झील संरक्षण योजना में शामिल करने का अनुरोध किया था। जिसके अनुसार कल्याण



तालुका में उतणे चिंचवली में उतणे तालाब के लिए 2 करोड़ 88 लाख, मुरबाड तालुका में तलवली-बारगांव तालाब के लिए 2 करोड़ 44 लाख, भिवंडी तालुका में धामनगांव तालाब के लिए 3 करोड़ 97 लाख, भिवंडी तालुका के वडपे तालाब के लिए 4 करोड़ 55 लाख का प्रस्ताव है। भिवंडी तालुका में वाशेरे तालाब के लिए 4 करोड़ रुपये के प्रस्ताव और भिवंडी तालुका में कोनगांव के कोन तालाब के लिए 5 करोड़ 39 लाख रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।साथ ही इन तालाबों के लिए तत्काल एक-एक करोड़ रुपये का फंड भी वितरित किया गया है. इसलिए इन तालाबों का काम जल्द शुरू होगा।इन कार्यों के साथ ही नगर पालिका बदलापुर के लिए 10 करोड़, बदलापुर गांव के तालाब के लिए 2 करोड़ 34 लाख, जुवेली गांव के लिए 2 करोड़ 85 करोड़ और कात्रप गांव के लिए 4 करोड़ 53 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में वरालादेवी सहित छह और तालाबों के संरक्षण के लिए लगभग 85 करोड़ रुपये का फंड मंजूर करने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को धन्यवाद दिया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### अभिभावक भी समझें बच्चे की मन की बात

राजस्थान के कोटा में पिछले दिनों फिर दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली। वहां इस साल अब तक 23 छात्रों ने अपने जीवन से हताश-निराश हो कर खुदकुशी कर ली है। ये छात्र वहां रहकर कोचिंग संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। आखिर वहां छात्रों द्वारा आत्महत्या का दौर खत्म क्यों नहीं हो रहा है? क्या कारण है कि सुनहरे भविष्य की राह पर चलने वाले छात्र अपना जीवन खत्म करने को मजबूर हो रहे हैं? छात्रों में ऐसा नकारात्मक दृष्टिकोण क्यों आ रहा है? सामान्य तौर पर देखा जाए तो आज के दौर की जीवन प्रक्रिया और हमारा एकांगी सोच इसका प्रमुख कारण है। आज के भौतिकवादी युग में समाज की मान्यता है कि जो व्यक्ति जितना बड़ा पैकेज ले रहा यानी पैसा कमा रहा है, वह उतना सफल और मेधावी है। आज व्यक्ति का मूल्यांकन उसके मूल्यों और सही आचरण से नहीं होता, बल्कि उसके द्वारा कमाए धन से माना जाता है। दूसरा कारण माता-पिता की महत्वाकांक्षा है। आज हर माता-पिता अपने बच्चों को डाक्टर और इंजीनियर के अतिरिक्त और कुछ नहीं बनाना चाहता। आइआइटी और एम्स से नीचे किसी इंस्टीट्यूट में वे अपने बच्चों का एडमिशन नहीं कराना चाहते। अभिभावकों के जीवन में बच्चों की रुचियों, उनकी महत्वाकांक्षाओं का कोई महत्व नहीं होता। माता-पिता अपने दृष्टिकोण के अनुसार उनके लिए दिशा निर्धारित करते हैं। उन्हें क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए, इसका निर्धारण माता-पिता बच्चों पर न छोड़कर स्वयं करते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत हर अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल के साथ कोचिंग इंस्टीट्यूट में जरूर भेजते हैं। भले ही उसकी फीस देने के लिए उन्हें कर्जा ही क्यों न लेना पड़े। इसके अलावा कोचिंग इंस्टीट्यूट भी समस्या का बड़ा कारण हैं। हर गली कूचे में कुकुरमुत्तों की तरह खुल गए कोचिंग संस्थानों का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा का विकास करना नहीं, बल्कि अधिक से अधिक पैसा कमाना है।

कोचिंग संस्थानों की इस मानसिकता से कहीं न कहीं वह छात्र भी प्रभावित होता है, जो इनसे जुड़ा है। कोचिंग संस्थान जितने बच्चों का दाखिला करते हैं, उन पर उन्हें बराबर ध्यान देना चाहिए और उनकी क्षमतानुसार उन्हें शिक्षा देने के साथ उनकी प्रतिभा का विकास करना चाहिए, पर वे सभी को एक डंडे से हांकते हैं। पाठ्यक्रम पूरा करने की होड़ में कोचिंग इंस्टीट्यूट यह भूल जाते हैं कि कुछ बच्चे सबके साथ दौड़ नहीं सकते। ऐसे ही छात्रों के मन में हीनता बोध जागृत होता है, जो उन पर इस कदर हावी हो जाता कि उन्हें लगने लगता है कि वे अब कुछ नहीं कर सकते। उन्हें ग्लानि होती है कि उन्होंने अपने माता-पिता का पैसा बर्बाद कर दिया। जब यह ग्लानि अपने चरम पर पहुंच जाती है तो वे आत्महत्या की ओर कदम बढ़ा लेते हैं। ग्लानि के इन क्षणों में उनकी काउंसलिंग करने वाला अपना कोई नहीं होता, जो उन्हें यह समझाए कि सफलता नहीं मिली तो कोई बात नहीं दोबारा प्रयास करो या अगर तुम्हें लगता है कि तुम यह नहीं कर सकते तो न करो, कुछ और भी किया जा सकता है। हताशा-निराशा के समय यदि कोई अपना आत्मीय व्यक्ति सांत्वना देता है तो व्यक्ति का दुख कम हो जाता है। मनोविज्ञान के अनुसार जब कोई व्यक्ति दुखी या निराश हो तो उसकी मां यदि प्यार से उसे गले लगाए तो उसका दुख कम हो जाता है। जो बच्चे अपने घरों से दूर रहकर कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे हैं, उन्हें निराशा के समय बल देने वाला कोई वहां दिखाई नहीं देता इसलिए वे निराशा की स्थिति से उबर नहीं पाते। यह स्थिति और भयावह न हो, इसलिए हमें कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले माता-पिता को अपना सोच बदलना चाहिए। कोचिंग संस्थानों को भी अपना पढ़ाने का तरीका बदलना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# नालासोपारा में रस्सी से गला घोंटकर हत्या... चेन और अंगूठी लूटी

## हाथ पर बने टैटू से 7 साल बाद पकड़ा गया हत्यारा



**मुंबईः** नालासोपारा में एक बोरी में एक व्यक्ति का शव मिलने के सात साल बाद पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी के दाहिने हाथ पर एक पुराना टैटू और उसकी एक दशक पुरानी धुंधली तस्वीर ने पुलिस को चित्रकूट जिले के राजापुर शहर से उसे पकड़ने में मदद की। 28 वर्षीय आरोपी शिवबाबू निषाद को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उस पर 17 से 18 मार्च 2016 के बीच नालासोपारा में 21 वर्षीय सुभाषचंद्र गुप्ता का गला घोंटकर उसका कीमती सामान लूटने और उसके शव को बोरे में फेंकने का आरोप था। निषाद के साथी-रवि डांगुर, अभिजीत मिश्रा और एक अन्य जो अपराध के समय नाबालिग था, उन्हें हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अब वो जमानत पर बाहर हैं और मामला अदालत में है। निषाद उस समय 20 वर्ष का था। उसकी पहचान के 'शिव भैय्या' के रूप में की गई थी। तुलिंज पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में उसका नाम मुख्य संदिग्ध के रूप में नामित किया गया था। उसका पता अज्ञात था। लंबित मामलों की जांच करते समय, वसई अपराध शाखा इकाई 2 को एक गुप्त सूचना मिली कि आरोपी यूपी में है। पुलिस को आरोपी की एक धुंधली तस्वीर मिली, जो संभवतः 2013 में ली गई थी। वरिष्ठ निरीक्षक साहुराज राणावारे ने कहा कि तस्वीर में दाहिने हाथ पर उनके पूरे नाम का टैटू और हाथ पर चार सितारों के साथ दिखाया गया है। इस तस्वीर को उत्तरी राज्य के शार्दुआ पुलिस स्टेशन में उनके समकक्षों के साथ साझा किया गया था।

**अपने नाम का टैटू हटाया**

जांच से पता चला कि निषाद ने अपने नाम का टैटू हटा दिया था, लेकिन फोटो की तरह अपनी बांह पर तीन सितारों को बनाए रखा था। टैटू के आधार पर पुलिस ने निषाद को हिरासत में लिया। पिछले सात वर्षों में उसने अपनी पत्नी का टैटू भी बनवाया था। अपराध शाखा की एक टीम ने यूपी की यात्रा की और उससे पूछताछ की।

### हत्या से कुछ दिन पहले हुई थी लड़ाई

हत्या से कुछ दिन पहले निषाद और उसके साथियों की गुप्ता के साथ लड़ाई हुई थी। 17 मार्च को उन्होंने गुप्ता की नायलॉन की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। उसकी सोने की चेन और अंगूठी लूट ली थी। फिर शव को एक बोरे में भर दिया और उसे एक सुनसान जगह पर छोड़ दिया। बाद में स्थानीय लोगों को शव मिला। गुप्ता के भाई ने उन चार संदिग्धों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिन पर हत्या और सबूतों को नष्ट करने का मामला दर्ज किया गया था।

## बीमार पत्नी और बेटी की हत्या करने वाले 91 साल के बुजुर्ग को बेल



**मुंबईः** अपनी बिस्तर पर पड़ी पत्नी और मानसिक रूप से विकलांग बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार 91 वर्षीय एक व्यक्ति को बॉम्बे हाईकोर्ट ने जमानत पर रिहा कर दिया है। उसकी पत्नी हृदय रोग से पीड़ित थीं और उसकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। बेटी कमलजीत जन्म से ही ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार से पीड़ित थी। याचिका में कहा गया है कि यहां तक कि 55 साल की उम्र में भी, उनका व्यवहार बच्चों जैसा था। उन्हें प्रकृति के आह्वान में भाग लेने जैसे दिन-प्रतिदिन के काम को पूरा करने के लिए निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता थी। न्यायमूर्ति मकरंद कार्णिक ने पुरुषोत्तम सिंह गंधोक की जमानत याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली। गंधोक ने कहा था कि वह अब उनकी देखभाल करने में सक्षम नहीं है। डिंडोशी सत्र अदालत ने पिछले साल 8 अगस्त को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। गंधोक की जमानत याचिका में कहा गया है कि उसकी पत्नी 10 साल से अधिक समय से बिस्तर पर थी और बीमार थी। गंधोक दोनों की देखभाल कर रहा था, जिसमें उनके नहाने, खाना पकाने और यहां तक कि उन्हें खिलाना भी शामिल था। एफआईआर के अनुसार, 7 फरवरी को गंधोक ने अपनी शादीशुदा बेटी गुरविंदर को फोन किया और उसे बताया कि पिछली रात उसने अपनी पत्नी जसबीर और बेटी कमलजीत की हत्या कर दी थी। उसने बेटी को कहा कि वह उनकी पीड़ा को सहन नहीं कर सकता था और उसके लिए उनकी देखभाल करना संभव नहीं था।

## 'इंडिया' की लड़ाई है और देश की सारी जनता 'इंडिया' के साथ - आदित्य ठाकरे



**मुंबईः** आने वाले अगले ५० साल कैसे होंगे, यह हम देख रहे हैं। हमारे देश में पिछले ७५ सालों में हमारा लोकतंत्र, संविधान जिस तरह से होना चाहिए था उस तरह टिका रहा, लेकिन उस लोकतंत्र को पिछले ९ से १० सालों में झटका/धक्का लगता चला गया। उस लोकतंत्र को हमें संभाल कर रखना है इसलिए यह 'इंडिया' की लड़ाई है और देश की सारी जनता 'इंडिया' के साथ आ रही है, ऐसा दृढ़ विश्वास शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे ने व्यक्त किया। वह ग्रैंड हयात में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

लोकतंत्र और संविधान बचा रहेगा तो आप और हम सभी बच सकते हैं। इसलिए हम इस देश में तानाशाही नहीं आने देंगे। हम उस तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं। तानाशाही की जो एक घटिया मानसिकता है, हम उसके खिलाफ लड़ रहे हैं, ऐसा आदित्य ठाकरे ने कहा। एनडीए की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, एनडीए से सभी मित्र दलों को बाहर निकाल दिया गया। हम भी एनडीए में थे, हमें भी बाहर निकाल दिया गया। उन्हें ऐसा लगने लगा था कि अब मित्रों की जरूरत नहीं रही, लेकिन अहम बात यह है कि देश की पूरी जनता 'इंडिया' के साथ आ रही है, आदित्य ठाकरे ने मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया। 'इंडिया' गठबंधन, जीतेगा भारत, हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? इसकी वजह है, हम किसी भी राज्य के हों, कोई भी भाषा बोलते हों, हमें अपना देश एकत्र रखना है। अपने संविधान को बचाकर रखना है। लोकतंत्र को बचाए रखना है, हम इसीलिए लड़ रहे हैं, ऐसा आदित्य ठाकरे ने कहा।



# सीएम एकनाथ शिंदे की डिनर डिप्लोमेसी, विपक्षी गठबंधन की बैठक के बीच सत्ता पक्ष भी रणनीति बनाने में जुटा

**मुंबई:** एक तरफ सांताक्रुज के पांच सितारा होटल में विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक चल रही थी, दूसरी तरफ गुरुवार देर रात मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दक्षिण मुंबई के वर्षा बंगले में महायुति के मंत्रियों एवं विधायकों के साथ डिनर डिप्लोमेसी कर रहे थे। गुरुवार करीब साढ़े आठ बजे शुरू हुए डिनर में



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार सहित सभी मंत्री और विधायक शामिल हुए। इसमें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार भी शामिल थे। वर्ली में गुरुवार को भी महायुति की बैठक आयोजित की गई।

बीजेपी के एक नेता ने बताया कि भोजन के बाद महायुति के मंत्रियों और विधायकों के साथ सीएम और डीसीएम ने बैठक की। इस दौरान सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने और जनता के बीच रहते हुए जनहित के कार्य करने की सलाह दी।

सूत्रों के मुताबिक, सीएम शिंदे ने विधायकों से कहा कि मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए किसी भी चुनौती से निपटने के लिए हमें तैयार रहने की जरूरत है। विपक्ष महायुति सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है, जिसका हमें मुंहतोड़ जवाब देना है। वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमें केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। हमारी सरकार जनहित और विकास के कार्य कर रही है। इस बैठक की टाइमिंग काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद महायुति सरकार दबाव महसूस कर रही है। माना जा रहा है कि महायुति के मंत्रियों और विधायकों में जोश भरने के लिए सीएम शिंदे ने डिनर डिप्लोमेसी का सहारा लिया है।

## पीएम मोदी का विपक्ष के पास कोई तोड़ नहीं: फडणवीस

**मुंबई में 28 विरोधी दलों के जमावड़े पर बरसते हुए बीजेपी के वरिष्ठ नेता उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इनके पास कोई तोड़ नहीं है। विपक्ष के पास पीएम जैसा कोई सक्षम नेता नहीं है। इनके पास कोई एजेंडा नहीं है। देश को आगे लेकर चलने की कोई नीति नहीं है। इनका मिशन सिर्फ और सिर्फ मोदी हटाओ है। फडणवीस ने कहा कि इनके राजनीति अलायंस का कोई असर होने वाला नहीं है। ये लोग मुंबई आए हैं। इनका केवल मोदी हटाने का एजेंडा है, क्योंकि इन्हें अपना परिवार बचाना है। सारी परिवारवादी पार्टियों पर मोदी ताला लगा रहे हैं। इससे वे डरे हुए हैं, इसलिए एक होकर विरोध कर रहे हैं। लेकिन इन्हें ध्यान रखना चाहिए कि 2019 में जनता ने इन्हें पूरी तरह से नकार दिया था और अब 2024 में भी बुरी तरह से नकारेगी।**

# प्रधानमंत्री कार्यालय ही मुंबई को चलाएगा? - सुप्रिया सुले



**मुंबई :** मुंबई के विकास के लिए योजना तैयार करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार ने नीति आयोग को सौंपी है। यह राज्य के मुख्यमंत्री की विफलता का परिणाम है कि केंद्र सरकार मनमानी कर रही है और इस मनमानी को मानने के लिए राज्य की ईडी सरकार मजबूर है यानी केंद्र की आदेश पर राज्य सरकार कदम उठा रही है, यह आरोप राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने लगाया।

केंद्र सरकार मुंबई को नीति आयोग के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित किया जाएगा क्या? ऐसा सवाल भी सुले ने किया है। राकांपा की ओर से कल महाराष्ट्र के लिए बलिदान देनेवाले हुतात्माओं का अभिवादन किया गया। इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार के विरोध में आंदोलन किया गया था। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए सुले ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने आगे कहा कि अगर नीति आयोग के माध्यम से मुंबई का विकास हाथ में लिया गया तो मुंबई मनपा, मुंबई के विधायकों और सांसदों के लिए कोई मतलब नहीं रह जाएगा। एक तरह से प्रधानमंत्री कार्यालय ही मुंबई को चलाएगा? ऐसा सवाल निर्माण हो रहा है। मूल रूप से नीति आयोग ने मुंबई के विकास को लेकर राज्य सरकार के सामने जो प्रेजेंटेशन दिया था, उसे एक निजी कंपनी ने तैयार किया था। मुझे पता चला है कि इस निजी कंपनी को यह जानकारी महाराष्ट्र सरकार के एमएमआरडीए से मिली है।

# जेवरात और महंगे सामान के लिए वृद्धा की हत्या, कामवाली की साजिश

**मुंबई:** एक वृद्ध महिला ने जिस कामवाली बाई को अपनी सुविधा के लिए घर काम के लिए रखा और अपने बेटों से अधिक मान सम्मान दिया, उसी कामवाली बाई ने वृद्धा के जेवरात और महंगे सामान के लिए वृद्धा की हत्या कर दी। उसने जेवरात को पाने के लिए अपने ७१ वर्षीय प्रेमी और बेटे के साथ मिलकर वृद्ध महिला की हत्या की साजिश रच डाली, लेकिन सोसायटी में लगे सीसीटीवी ने कामवाली की साजिश की पोल खोल कर रख दी।

२० अप्रैल २०२३ की सुबह करीब ७ बजे मलाड पुलिस को सूचना मिली कि मलाड वेस्ट ओर्लेम चर्च के पास न्यू लाइफ बिल्डिंग के बाथरूम में मेरी डीकोस्टा (६९) पानी से भरी बाल्टी में डूब गई है। मलाड पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शताब्दी



अस्पताल भेज दिया। इसके साथ ही एडीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। न्यू लाइफ सोसायटी में अपने पोते के साथ रहनेवाली वृद्धा के मामले में जांच के दौरान वृद्धा के पोते ने पुलिस को बताया कि महिला की सोने की चेन, स्मार्ट वॉच और मोबाइल फोन घर से चोरी हो गया, इससे पुलिस का संदेह और बढ़ गया।

पुलिस ने सोसायटी में लगा सीसीटीवी चेक किया तो एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा जो सिर पर टोपी और मास्क लगाकर बिल्डिंग में जाते नजर आया। पुलिस ने घर में काम करने वाली महिला व उसके बेटे से बात की तो महिला ने अपनी पहचान बताने से इनकार कर दिया। मलाड पुलिस के एक तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि संदिग्ध घर में काम करने वाली महिला का प्रेमी है। जिसके बाद मलाड पुलिस ने मलाड मालवानी गेट नंबर ७ से नौकरानी और उसके बेटे को गिरफ्तार किया और उसके प्रेमी को वसई से धर दबोचा। तीनों से पूछताछ किए जाने पर खुलासा हुआ कि घर में रखे जेवरात और कीमती सामान चोरी करने के लिए वृद्धा की हत्या करने के बाद उसे बाथरूम में ले गए और आत्महत्या दिखाने के लिए बड़ी बाल्टी में पानी भरने के बाद डाल दिया, ताकि लोगों को लगे कि महिला की मौत बाथरूम में गिरने से हुई है। आखिरकार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# कई महीनों से टीबी रोगियों को नहीं मिल पा रही दवा

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २०२५ तक हिंदुस्थान को टीबी मुक्त बनाने की घोषणा की है, लेकिन पिछले कई महीनों से टीबी रोगियों को दवा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री की घोषणा हवा-हवाई साबित हुई है, जिस पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। मुंबई समेत राज्य में एमडीआर टीबी के मरीजों को जून से दवा नहीं मिली है। इसके बाद मरीजों ने नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर सच्चाई बताई है और गुहार लगाते हुए सवाल किया है कि अगर सरकारी अस्पतालों में ही दवाएं उपलब्ध नहीं होंगी, तो देश टीबी मुक्त कैसे होगा?

राज्य के सरकारी अस्पतालों और विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पिछले तीन माह से टीबी रोग की दवा उपलब्ध नहीं है। इसके चलते मुंबई में लगभग ११,०००



एमडीआर टीबी के रोगी प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को निजी दवा की दुकानों से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। एमडीआर टीबी के मरीजों को पांच दवाएं दी जाती हैं। इनमें से साइक्लोसेरीन, लाइनजोलिड और क्लोफाजिमाइन स्टॉक में उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में मरीजों को ये दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ती हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

मरीजों का कहना है कि मुंबई टीबी रोग नियंत्रण विभाग से यह पूछने पर कि उन्हें ये दवाएं कब मिलेंगी, इस पर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। टीबी मरीजों के लिए काम करनेवाले सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र भेजकर दवाओं की कमी के कारण टीबी मरीजों की दुर्दशा से अवगत कराया है। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दवाएं क्यों नहीं मिल रही हैं, इसकी जानकारी भी जाहिर की जाए।




# ‘मैं शिवसेना को कांग्रेस नहीं बनने दूंगा’...

## I.N.D.I.A की बैठक से पहले मुंबई में ये पोस्टर बना चर्चा का विषय

**मुंबई:** वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडिया) को टक्कर देने के लिए मुंबई में बैठक शुरू है। इस दौरान जिस होटेल में इंडिया गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा लगा है, उसी के समीप लगी एक होर्डिंग चर्चा का विषय बन गई। इस होर्डिंग पर मराठी में लिखा है ‘मी शिवसेनेची कांग्रेस होउ देणार नाही’ जिसका हिंदी में मतबल है, ‘मैं शिवसेना को कांग्रेस नहीं बनने दूंगा’। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाए गए होर्डिंग पर बाला साहेब ठाकरे का फोटो लगा है। मुंबई में इस तरह का बैनर वर्ली, बांद्रा और सांताक्रुज , वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे सहित मुंबई के कई अन्य इलाकों में कई जगह




लगाए गए हैं। होर्डिंग किसने लगाई यह यह सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि इस तरह की होर्डिंग्स से उद्धव ठाकरे पर निशाना साधने की कोशिश की गई है। हालांकि, कांग्रेस ने इसे सत्ताधारी दल की साजिश करार दिया है।

**मुंबई में इंडिया की बैठक**

सांताक्रुज स्थित पांच सितारा होटेल ग्रैंड हयात में विपक्षी एकता के लिए बने गठबंधन ‘कठ.ऊकअ.’ की बैठक शुरू है। यहीं विपक्षी गठबंधन का बैनर लगा है, जिसका स्लोगन है ‘जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया’। ठीक उसके पास में ही बालासाहेब ठाकरे का संदेश लिखा बैनर लगाया गया है, जिसमें लिखा है कि मैं शिवसेना को कांग्रेस नहीं बनने दूंगा।

**उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व के मुद्दे पर समझौता करने का आरोप**

वर्ष 2019 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना ने बीजेपी से अलग होकर कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर राज्य में सरकार का गठन किया था। उसके बाद से लगातार उद्धव ठाकरे पर बालासाहेब ठाकरे के विचारों से समझौता करने का आरोप लगाता रहा है। बीजेपी और शिवसेना से बगावत कर सरकार में शामिल हुआ शिवसेना का शिंदे गुट उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व के मुद्दे पर समझौता करने का आरोप लगाता आ रहा है। इस पोस्टर को उसी संदर्भ से जोड़कर देखा जा रहा है।

# बीड जिले में किसानों को मिलेगा 25 प्रतिशत अग्रिम फसल बीमा

**बीड :** महाराष्ट्र के बीड जिले के 87 राजस्व क्षेत्रों में सोयाबीन, मूंग और उड़द उत्पादक किसानों को एक माह के भीतर 25 प्रतिशत अग्रिम फसल बीमा प्राप्त होगा। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बीड जिले के किसान विशेष रूप से सोयाबीन उत्पादक लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण बहुत से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जिलाधिकारी दीपा मुधोल-मुंडे ने एक अधिसूचना जारी कर सूखे की स्थिति का आकलन करने के लिए सभी 87 राजस्व क्षेत्रों में सोयाबीन, उड़द और मूंग की फसलों का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। यह अधिसूचना तीन दिन पहले छत्रपति संभाजीनगर में



मराठवाड़ा क्षेत्र में सूखे की स्थिति की समीक्षा बैठक में राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे के आदेशानुसार जारी की गई थी। बीड जिले के सभी 11 तालुका कम बारिश के कारण सूखे का सामना कर रहे हैं और श्री मुंडे ने राजस्व, कृषि विभागों और फसल बीमा कंपनी को संयुक्त सर्वेक्षण करने और सात दिनों में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिले में किसानों को अंतरिम राहत के रूप में 25 प्रतिशत अग्रिम फसल बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# रक्षाबंधन के दिन बहन की मौत, भाई जख्मी, पुणे-सोलापुर नेशनल हाइवे पर ये क्या हो गया






**पुणे:** महाराष्ट्र के पुणे जलि में रक्षाबंधन के दनि बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। पुणे-सोलापुर नेशनल हाइवे पर बोरीभाड़क काटे पर एक चार पहिया वाहन ने भाई-बहन के दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में बहन की मौके पर ही मौत हो गई और भाई घायल हो गया। हादसे में मरने वाली महिला का नाम वैशाली नितिन शेंडगे (उम्र-28, नायगांव, पुरंदर) है। घायल भाई का नाम विलास विश्वनाथ कोपनार (निवासी बोरीभडक, जिला दौंड) है। मिली जानकारी के मुताबिक, वैशाली शेंडगे और विलास कोपनर भाई-बहन हैं। रक्षाबंधन के मौके पर वैशाली शेंडगे अपने भाई विलास के साथ दोपहिया वाहन से दौंड के बोरीभड़क के लिए निकली थीं। शाम करीब 6 बजे बोरीभडक दोराहे पर सोलापुर की ओर जा रहे चार पहिया वाहन ने विलास के दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी।

अस्पताल पहुंचे से पहले ही तोड़ा दम

इस टक्कर में वैशाली शेंडगे सड़क पर गिर गईं। इस दौरान उनके सिर, हाथ और पैर पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत उरुली कंचन अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि डॉक्टरों ने बताया कि इलाज से पहले ही वैशाली की मौत हो गई। भाई विलास कोपनर भी घायल हो गए हैं।

## आपसी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या... एक महिला सहित 5 गिरफ्तार




**मालाड :** मालाड पश्चिम मालवणी के अम्बुजवाड़ी में रहने वाले मृतक एजाज अब्दुल वसार शेख 45 वर्ष की उसके पडिसियो से आने जाने को लेकर झगड़ा होता रहता था।जिसका कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया था।30 अगस्त को एजाज से उन लोगों का फिर झगड़ा हुआ इस झगड़े में लोगों ने मिलकर एजाज की लाठी,डंडे,लात, घुसे से इतना पीटा कि वह बुरी तरह घायल हो गया जब तक उसको अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो गयी इस मामले में मालवणी पुलिस ने 4 और 1 आरोपी को क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसमे एक महिला भी शामिल है।पुलिस आगे की जांच कर रही है। मालाड पश्चिम मालवणी पुलिस स्टेशन की हद में अंबुजवाडी मालवणी मलाड पश्चिम में मृतक और सभी आरोपी पड़ोस में रहते हैं।

# पिता ने बेचा, खरीदने वालों ने नोचा, बाथरूम में बंद कर दिया...

## 10 साल की मासूम ने भागकर बचाई जान

**नागपुर:** एक अपार्टमेंट में पांच दिनों तक बाथरूम में बंद रहने वाली 10 साल की लड़की किसी तरह भागने में सफल रही। उसने एक दंपति द्वारा यातना और दुर्व्यवहार की एक भयानक कहानी सुनाई। उसने बताया कि उसके पिता ने चार साल पहले उसे बेच दिया था। अरमान इश्तियाक अहमद खान और उसकी पत्न ी हीना ने बेसा-पिपला रोड पर अथर्व नगरी में अपने किराए के फ्लैट में उसे बंद कर दिया था। वे खुद पिछले शुक्रवार को बेंगलुरु चले गए। पीड़ित लड़की के शरीर पर निजी अंगों सहित कई जलने की चोटें थीं। बच्ची ने बताया कि भागने और पड़ोसियों से मदद लेने से पहले वह केवल चिप्स और रोटी पर जीवित रही। उसने आरोप लगाया कि पुलिस ने शुरू में मामला दर्ज करने या कोई मदद देने से इनकार कर दिया। यौन शोषण और दुर्व्यवहार की कहानी



मंगलवार को तब सामने आई जब किराए के घर की बिजली आपूर्ति अज्ञात कारणों से बंद कर दी गई थी। अंधेरा होने से डरी हुई लड़की चम्मच से बाथरूम की कुंडी खोलने में कामयाब रही। वह एक कमरे की खिड़की की ग्रिल में एक छेद के माध्यम से बाहर निकली और इमारत के चौकीदार से मदद मांगी, जिसने पड़ोसियों को मामले की सूचना दी।

अरमान इश्तियाक अहमद खान के घर पर नाबालिग को देखने वाले एक परिवार ने एक पुलिस वाले को सूचित किया। हुडकेश्वर पुलिस स्टेशन से दो पुलिसकर्मियों को वहां पर भेजा गया। लेकिन पड़ोसियों ने आरोप लगाया कि वे बिना कोई कार्रवाई किए चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अहमद खान ने लड़की को घरेलू सहायक के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने बच्ची को सिगरेट के चूरे और गर्म बर्तनों से जलाकर दंडित किया था। हीना के भाई ने उसका यौन शोषण किया और कथित तौर पर उसे अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।




## नालासोपारा स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा करने वालों पर कार्रवाई



**वसई :** पश्चिम रेलवे अंतर्गत नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग दस्ता तैनात कर फोर्ट्रेस (किलेबंदी कर) टिकट चेकिंग मुहिम चलाया गया,जिसमे बड़ी संख्या में रेल यात्रियों पर कार्रवाई की गयी। यह अभियान मात्रा 4 घन्टे चलाया गया ऐसे में रेल यात्रियों पर कार्रवाई जर्बदस्त की गयी व विभाग को राजस्व की प्राप्ति हजारों रुपए में हुई है। यह कार्रवाई वाणिज्य विभाग व आरपीएफ के साथ चेकिंग की गई।बताया गया है कि अभियान के दौरान शाम 4 बजे देर रात्रि 8 बजे तक बिना टिकट के यात्रा करने वाले 252 यात्रियों पकड़े गए,जिनसे जुमारने के रूप में 72295 रुपये के राजस्व की प्राप्ति जीजूद थे। ज्ञात हो । अभियान आरपीएफ स्टाफ सहित टीटीई स्टाफ थे।

# 'ताज होटल को बम से उड़ाने आ रहे हैं 2 पाकिस्तानी',

## मुंबई पुलिस को आया धमकी भरा कॉल, मचा हड़कंप

**मुंबईः** मुंबई पुलिस को गुरुवार को एक धमकी भरा फोन आया जिसमें दावा किया गया कि दो पाकिस्तानी नागरिक ताज होटल को उड़ाने के लिए शहर में दाखिल होंगे. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई पुलिस के मेन कंट्रोल रूम में एक गुमनाम कॉल आई, जिसमें उन्हें बताया गया कि पाकिस्तान से दो लोग समुद्री मार्ग से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करेंगे और शहर के ऐतिहासिक ताज होटल को बम से उड़ा देंगे. मुंबई पुलिस के मुताबिक, फोन करने वाले ने अपना नाम मुकेश सिंह बताया. हालांकि, एक जांच से पता चला कि उसका असली नाम जगदंबा प्रसाद सिंह है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा का रहने वाला 35 वर्षीय व्यक्ति है, और वर्तमान में मुंबई के सांताक्रूज इलाके में रहता है. मुंबई पुलिस ने ममाले में जांच शुरू कर दी है. मुंबई के कोलाबा इलाके में स्थित ऐतिहासिक ताज होटल शहर में हुए



2008 के आतंकवादी हमलों का एक प्रमुख टारगेट रहा था. होटल को पहले भी इसी तरह की धमकी भरे कॉल मिल चुके हैं. पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने 26 नवंबर 2008 को समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया था और कई सार्वजनिक स्थानों को अपना निशाना बनाया.

**26 नवंबर को शुरू हुआ एंटी-टेरर ऑपरेशन 29 नवंबर तक चला**

आतंकियों ने ताज पैलेस, ओबेरॉय ट्राइडेंट, सीएसएमटी रेलवे स्टेशन, कामा हॉस्पिटल, नरीमन हाउस यहूदी कम्युनिटी सेंटर, मेट्रो सिनेमा, टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग और सेंट जेवियर कॉलेज के पीछे एक लेन में 8 सिलसिलेवार हमले किए. हमले के बाद 26 नवंबर को शुरू हुआ एंटी-टेरर ऑपरेशन 29 नवंबर तक चला था. पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकी हमले में 166 मासूमों की मौत हुई थी और कम से कम 300 अन्य घायल हुए थे. मुहम्मद अजमल आमिर कसाब जिंदा पकड़ा गया था, उसके अन्य 9 साथी मारे गए थे. करीब 4 साल तक ट्रायल चलने के बाद कसाब को अदालत ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के लिए मौत की सजा दी थी. उसे 21 नवंबर 2012 को पुणे के येरवडा जेल में फांसी दी गई थी. भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने ताज होटल में छिपे आतंकियों को न्यूट्रलाइज करने के लिए 'ऑपरेशन ब्लैक टोनेडो' चलाया था.

# नालासोपारा में ड्रग्स की खेप के साथ 5 गिरफ्तार...



**नालासोपारा :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत तुलिंज पुलिस स्टेशन की जांच अपराध शाखा ने दत्त नगर,नालासोपारा पूर्व में ड्रग्स को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की है।जिसमे 21 लाख से अधिक एम.डी.ड्रग्स जप्त करते हुए 5 आरोपी को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त आरोपियों के ऊपर तुलिंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।यह कार्रवाई डीसीपी पौर्णिमा चौगुले-श्रींगी व एसीपी विनायक नरले के मार्गदर्शन में तुलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नगरकर व पुलिस निरीक्षक (अपराध) अमरसिंह पाटील के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन स. पो.नि.एम.डी.म्हात्रे की टीम ने की है।पुलिस के मुताबिक,यह कार्रवाई जांच अपराध शाखा ने गुप्त सूचना के आधार पर की है,टीम ने नालासोपारा पूर्व के दत्त नगर,सेंट्रल पार्क,आशीर्वाद इमारत एक फ्लैट पर रेड की,इस दरम्यान टीम ने आरोपी के पास एम.डी. ड्रग्स (मेफेड्रॉन) का जखीरा पाया। पुलिस ने बताया कि 5 आरोपी (दिनेशकुमार विष्णोई,सुनील विष्णोई, ओमप्रकाश किलेरी,लादूराम विष्णोई और प्रकाशकुमार विष्णोई ) पकड़े गए,इनके पास 21,00,000 रुपये कीमत का 210 ग्राम एम.डी.ड्रग्स (मेफेड्रॉन) बरामद किया गया है पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता पुलिस कर्मचारी इस्माईल शाह छपरीबन की शिकायत पर उपरोक्त 5 आरोपी के खिलाफ तुलिंज थाने में एनडीपीएस एक्ट कलम 8 (क),21 (क),29 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# 8 साल से फरार अपराधी उत्तरप्रदेश से दबोचा



**नालासोपारा :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच युनिट 2 'वसई' ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। दरअसल,युनिट 2 ने झगड़े के गुस्से में हत्या कर 8 साल से फरार मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश से घर दबोचे कर गिरफ्तार किया है। यह सफलता क्रह्पम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में युनिट 2 पी.आई शाहुराज रणवरे के नेतृत्व में सपोनि.सुहास कांजले व सपोनिरी.सागर शिदि की टीम ने पाई है। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि तुलिंज थाने में कलम 302, 404, 201, 34 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इस अपराध में शिकायतकर्ता चन्द्रशेखर रामसागर गुप्ता, उम्र 30 वर्ष, निवासी- केशव अपार्टमेंटकमरा नंबर 205, वलईपाड़ा रोड संतोष भवन,नालासोपारा पूर्व द्वारा 17/03/206 को 17.00 बजे से 18/03/2016 को 17.00 बजे तक 18/03/206 को 00.30 बजे से 00.45 बजे के दरम्यान अपराध में आरोपी 1) शिवभैया पूरा नाम पता अज्ञात 2) रवि श्यामवीर डांगुर 3) अभिजित मिश्रा उर्फ कडा उर्फ सचिन 4) कृष्णा कमलेश दुबे ने आपस में मिलीभगत कर अपराध में शिकायतकर्ता के मृतक भाई सुभाष चंद ठर्फ भालू रामसागर गुप्ता उम्र 21 वर्ष के साथ मारपीट का गुस्सा अपने दिल में रखकर उसने नायलॉन की रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटाने की नियत से उसके शव को बोरे में डाल दिया और उसकी सोने की चेन,उंगली में सोने की अंगूठी आदि लेकर फरार हो गए.उपरोक्त हत्या प्रकरण मामले में शिकायतकर्ता ने 18 मार्च को मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने बताया कि मीरा- भाईदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्राधिकार में विभिन्न गंभीर अपराधों में वांछित निषमन्न,लेकिन पर्दे के पीछे के आरोपियों को ढूंढने और गिरफ्तार करने के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों ने सूचना य मार्गदर्शन किया था। पुलिस के मुताबिक, तुलिंज पुलिस स्टेशन के अनुसार अपराध पंजी क्रमांक 156/2016 आईपीसी धारा 302, 404, 201, 34 के अनुसार इस अपराध की जांच के संबंध में और अपराध में गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी थाने से प्राप्त की गई।

# नालासोपारा/ सड़क दुर्घटना में दो लोगो की मौत !




**नालासोपारा :** अलग अलग पुलिस स्टेशन में क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मासूम सहित दो लोगो की दर्दनाक मौत होने की घटना सामने आई है। इस दुर्घटना मामले में पुलिस ने वाहन चालक पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता (संतोष मोदनवार उम्र 37 वर्ष, निवासी-हरवटे पाड़ा, नालासोपारा पूर्व) की पत्न ी और बेटा नालासोपारा फाटा पर पैदल जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार आयशर टेम्पो क्र.एमएच 43/नी.जी 8377 गाड़ी चालक ने पीछे से शिकायतकर्ता के बेटे राघव (2 वर्ष) को जोरदार ठोकर मारा। हादसे में राघव गंभीर रूप से जख्मी होने के अलते उसकी मौत हो गयी।


सूचना मिलने पर पहुंची पेल्हार पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर परीक्षण हेतु भेज दिया है। दूसरी घटना ; नायगांव थानांतर्गत मुंबई अहमदाबाद महामार्ग रोड, नायगांव पूर्व स्थित एक तेज रफ़्तार पिकअप गाड़ी चालक की लापरवाही के कारण एक 45 वर्षीय सतीश निंबालकर की जान चली गयी। हालांकि, उपरोक्त दुर्घना के संबंध में पुलिस (पेल्हार व नायगांव ) स्टेशन ने वाहन चालक के ऊपर कलम 304 (अ) व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# खम्बा गिरने से शख्स की मौत...!

**वसई :** बिजली दुरुस्तीकरण करते समय पोल पर चढ़ने के दौरान से एक 22 वर्षीय शख्स की गिरने से मौत हो गयी। वालीव पुलिस ने मामले के सीआरपीसी कलम 174 के तहत केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार, अभिजीत सूर्यकांत लकेश्री (22), निवासी-उमेला वसई पश्चिम में रहता था। बताया गया है कि 28 अगस्त को रात्रि लगभग 11 बजे के आसपास अभिजीत सूर्यकांत लकेश्री ने सातीवली, वसई पूर्व स्थित विद्युत मरम्मत कार्य करने हेतु विद्युत पोल (खम्बा) पर चढ़ने के दौरान वह उक्त पोल से गिर गया। उनके साथ काम करने वाले कर्मचारी और एकत्रित लोग उन्हें उठाकर महागरपालिका हॉस्पिटल,विजयनगर,तुलिंज हॉस्पिटल नालासोपारा पूर्व ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मिशन 2024 की जमीन तैयार करने में जुटा संघ

**● कृष्ण जन्मभूमि से आरएसएस का 'सुदर्शन चक्र' प्लान हुआ तैयार ● मथुरा से बीजेपी के लिए 6 राज्यों की 55 सीटों पर जमीन तैयार**



**मथुरा (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2024 आम चुनाव से पहले भाजपा के लिए जमीन तैयार करने में जुटा है। इसी कड़ी का हिस्सा संघ का 'सुदर्शन चक्र' प्लान है। इसके केंद्र में कृष्ण जन्मभूमि यानी मथुरा है, लेकिन नजर पूरे वेस्ट यूपी, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश के सीमाई इलाकों पर है। ये वो इलाका है, जो ब्रज क्षेत्र में है या उसके इर्द-गिर्द बसा है। पूरे क्षेत्र का मैप सुदर्शन चक्र की शक्ल में दिखता है। इसीलिए संघ ने इसे 'सुदर्शन चक्र' नाम दिया है। सुदर्शन चक्र के दायरे और प्रभाव में 6 राज्यों की करीब 55 सीटें आती हैं। यहां कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद, नूंह हिंसा, धर्मांतरण, लव जिहाद, मुस्लिमों की बढ़ती आबादी, किसान जैसे उपजाऊ और बड़े मुद्दे भी हैं। मिशन सुदर्शन की कमान खुद सर संघचालक मोहन भागवत ने संभाली हुई है। वह लगातार ब्रज और पश्चिम क्षेत्र को मथ रहे हैं। यहां के मुद्दे और जमीनी हकीकत को समझ रहे हैं। संघ के कार्यकर्ताओं से सीधे फीडबैक ले रहे हैं। उन्हें जमीन पर ऐक्टिव होने की रणनीति भी बता रहे हैं।

### हिंदुत्व, नूंह हिंसा, लव जिहाद, मुस्लिम आबादी पर रहेगा फोकस

### अयोध्या, काशी का काम पूरा, इसलिए मथुरा पर बढ़ा फोकस

संघ के एक पदाधिकारी का कहना है हमारे एजेंडे में मथुरा हमेशा से शामिल रहा है लेकिन अब राम मंदिर, काशी कॉरीडोर बनने और ज्ञानवापी में सर्वे के फैसले के बाद कृष्ण जन्मभूमि पर हमारा फोकस बढ़ गया है। हमारी इस मुहिम में अब बड़े नाम भी जुड़ रहे हैं। जन जागरुकता का काम भी किया जा रहा है। यही वजह है कि संघ और भाजपा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को धार देने में जुटी है। आने वाले वक्त में भाजपा यहां से किसी बड़े जन आंदोलन को धार दे सकती है। हिंदू संगठन और हिंदूवादी नेताओं ने भी इस पर फोकस बढ़ा दिया है। बाबा बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री और देवकी नंदन ठाकुर लगातार कह रहे हैं कि अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए, अब मथुरा में ठाकुरजी को विराजमान करना है। इसी 22 अगस्त को वृंदावन के केशव धाम में संघ प्रमुख मोहन भागवत तीन दिन के प्रवास पर आए। उन्होंने यहां संघ के तमाम बड़े क्षेत्रीय प्रचारकों, पदाधिकारियों के साथ बैठकें कीं। संघ से जुड़े सूत्र बताते हैं कि बैठकों का दौर काफी लंबा चला। 8 से 12 घंटे तक सत्र चले। इसके कोर में हिंदू, हिंदुत्व और ब्रज क्षेत्र जैसे बड़े मुद्दे थे।

# देश में राम राज्य चाहिए तो राम और सीता बनना होगा

**● रायपुर में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा-सबसे बढ़िया राज्य के सबसे बढ़िया मुख्यमंत्री, सीएम बोले-कोई अपना घर आया**




रायपुर (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि, अगर आप राम राज्य का सपना देख रहे हैं तो आपको राम और सीता बनना होगा। देश को विश्व गुरु बनाने के लिए उसी दिशा में कदम रखना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि, हमारा देश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। चाहे चांद पर तिरंगा लहराना हो या फिर विश्व स्तर पर खेल-कूद में नए अध्याय लिखने हों। वहीं उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के स्टूडेंट्स के खुदकुशी करने के मामलों को लेकर भी चिंता जताई। राष्ट्रपति अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर गुरुवार को रायपुर पहुंची हैं।

### सीएम बोले-

**ऐसा लग रहा कोई अपना घर का आया-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, राष्ट्रपति का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण है। उनकी इस यात्रा के लिए मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों की ओर से बहुत धन्यवाद देता हूं। सीएम ने कहा कि, आज राष्ट्रपति, पूरे देश की मुखिया के आगमन से हम छत्तीसगढ़ के लोग विशेष आत्मीयता का अनुभव कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया है। आप संविधान की रक्षक हैं, आपके आगमन से छत्तीसगढ़ के लोग बहुत सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# 2024 इलेक्शन से पहले मोदी सरकार का बड़ा कदम

## विशेष सत्र में ला सकती है एक देश-एक चुनाव का बिल

नई दिल्ली : संसद का विशेष सत्र १८ से २२ सितंबर तक चलेगा. सूत्रों के मुताबिक, सरकार संसद के इस सत्र में एक देश-एक चुनाव का बिल ला सकती है. प्रधानमंत्री मोदी का इसपर फोकस भी रहा है. उनका तर्क है कि इससे चुनाव कराने की लागत कम होगी और शासन के लिए समय भी बचेगा.केंद्र की मोदी सरकार ने १८ से २२ सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाने का ऐलान किया है. सूत्रों के मुताबिक, सरकार संसद के इस सत्र में एक देश-एक चुनाव का बिल ला सकती है. हालांकि एक देश-एक चुनाव के लिए अनुच्छेद- ८३, ८५, १७२, १७४ और ३५६ में संशोधन करना होगा. पीएम मोदी विधानसभा और आम चुनाव एक साथ कराने के विचार पर जोर देते रहे हैं. उनका तर्क है कि इस कदम से चुनाव कराने की लागत कम होगी और शासन के लिए समय भी बचेगा.इस साल चार राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना हैं. लोकसभा चुनाव भी अगले साल के मध्य में हो सकता है. एक देश-एक चुनाव का विचार कम से कम १९८३ से ही अस्तित्व में है, जब चुनाव आयोग ने पहली बार इस पर विचार किया था. हालांकि, १९६७ तक भारत में एक साथ चुनाव आम बात थी.हालांकि १९६८ और १९६९ में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण यह चक्र बाधित हो गया. १९७० में लोकसभा समय से पहले ही भंग कर दी गई और १९७१ में नए चुनाव हुए. इस तरह से पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा को पूरे पांच साल का कार्यकाल मिला.सूत्रों के अनुसार, विशेष सत्र के दौरान संसदीय कामकाज नए संसद भवन में स्थानांतरित हो सकता है.



आमतौर पर संसद के तीन सत्र होते हैं. इसमें बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र शामिल हैं. विशेष परिस्थितियों में संसद का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है. संसद का मानसून सत्र ११ अगस्त को समाप्त हुआ था.इससे पहले संसद का विशेष सत्र ३० जून २०१७ की मध्यरात्रि को आयोजित किया गया था, जो जीएसटी के लागू होने के अवसर पर था. हालांकि यह लोकसभा और राज्यसभा का संयुक्त सत्र था. वहीं, अगस्त १९९७ में छह दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन किया गया था जो भारत की आजादी की ५०वीं वर्षगांठ के उत्सव के अवसर पर था.इससे पहले भारत छोड़ो आंदोलन की ५०वीं वर्षगांठ पर ९ अगस्त १९९२ को मध्यरात्रि सत्र आयोजित किया गया था. आजादी के रजत जयंती वर्ष पर १४-१५ अगस्त १९७२ को और आजादी की पूर्व संध्या पर १४-१५ अगस्त १९४७ को पहला ऐसा विशेष मध्य रात्रि सत्र आयोजित किया गया था.

# विपक्षी नेता अपने गठबंधन INDIA के नाम के भरोसे, यही उनका एकमात्र सहारा : राजनाथ सिंह

अहमदनगर : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता केवल अपने गठबंधन के नाम पर भरोसा कर रहे हैं क्योंकि यही उनके लिए एकमात्र सहारा बचा है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के बारे में 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' वाली कहावत का भी जिक्र किया। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की दो दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार को मुंबई में शुरू हुई।

बैठक के दौरान २०२४ के लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने की रणनीति और रूपरेखा पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। सिंह ने कहा कि भारत अब शक्तिशाली हो गया है और वैश्विक स्तर पर अब कोई भी इसे कमजोर राष्ट्र नहीं मानता। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारत का कद पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है और वह जो बोलता है दुनिया उसे ध्यान से सुनती है, ऐसा पहले नहीं होता था। सिंह ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के प्रवरनगर में सहकारी आंदोलन के प्रणेता डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं।उन्होंने कहा कि विपक्ष ने 'इंडिया' नामक एक नया समूह बनाया है। उन्होंने कहा, यह एक गजब नाम



है...इंडिया। मुझे पता चला कि आज उनकी बैठक हो रही है, लेकिन जैसा कि सभी जानते हैं, यह 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' के अलावा कुछ नहीं है। इन लोगों के लिए, नाम ही एकमात्र सहारा है। वे इस नाम का उपयोग करके अपनी नैय्या पार लगाना चाहते हैं।'' सिंह ने कहा, ''लेकिन सिर्फ इस नाम के इस्तेमाल से नदी को पार नहीं किया जा सकता... अकेले नाम के इस्तेमाल से भंवर को पार नहीं किया जा सकता, इसके लिए कर्म की जरूरत होती है।'' उन्होंने कहा कि आज का भारत पहले जैसा नहीं रहा।

सिंह ने कहा, हमारा भारत अब वैसा नहीं है जैसा पहले हुआ करता था जब देश के नेता विभिन्न वैश्विक मंचों पर जाते थे और बोलते थे लेकिन दुनिया कभी भी उन्हें गंभीरता से नहीं सुनती थी। अन्य देश सोचते थे कि 'यह भारत है, कमजोर राष्ट्र' और हम इसे क्यों सुनें। केंद्रीय मंत्री ने कहा, लेकिन आज दुनिया में भारत का कद इतना बढ़ गया है कि जब वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलता है तो दुनिया ध्यान से सुनती है।उन्होंने कहा कि जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो कई भारतीय छात्र यूक्रेन में फंसे हुए थे। सिंह ने कहा, चिंतित माता-पिता ने छात्रों को निकालने के लिए (प्रधानमंत्री) मोदी जी से अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन किया। और करिश्मा देखिए, युद्ध साढ़े चार घंटे तक रुका रहा और हमारे छात्रों को बाहर निकाला गया। लगभग २३,००० छात्रों को वापस लाया गया।''




# सभी लेनदेन वैध, सुप्रीम कोर्ट ने भी हमारे पक्ष में फैसला दिया, ओसीसीआरपी के दावों को अदाणी समूह का जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओसीसीआरपी की ओर से किए गए दावे एक दशक पहले के बंद हो चुके मामलों पर आधारित हैं जब राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अधिक चालान, विदेश में धन हस्तांतरण, संबंधित पार्टी लेनदेन और एफपीआई के माध्यम से निवेश के आरोपों की जांच की थी। अदाणी समूह में निवेश पर ओसीसीआरपी को ओर से किए गए दावों को कंपनी ने बयान जारी कर सिरे नकार दिया है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि हम बार-बार लगाए जा रहे इन आरोपों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं। ये समाचार रिपोर्टें योग्यताहीन हिंडनबर्ग रिपोर्ट को फिर से हवा देने के लिए सोरोस से वित्त पोषित विदेशी मीडिया के एक वर्ग की ओर से जानबूझकर प्रकाशित की गई है। वास्तव में यह पहले से ही प्रत्याशित था। पिछले सप्ताह मीडिया रिपोर्ट्स में भी इसके दावे किए गए थे।



ओसीसीआरपी की ओर से किए गए दावे एक दशक पहले के बंद हो चुके मामलों पर आधारित हैं जब राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अधिक चालान, विदेश में धन हस्तांतरण, संबंधित पार्टी लेनदेन और एफपीआई के माध्यम से निवेश के आरोपों की जांच की थी। एक स्वतंत्र निर्णायक प्राधिकारी और एक अपीलीय न्यायाधिकरण दोनों ने इसकी पुष्टि की थी कि कोई अधिक मूल्यांकन नहीं किया गया था और लेनदेन लागू कानूनी रूप से वैध थे।

मार्च 2023 में मामला अंतिम पड़ाव पर पहुंचा था जब भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया। स्पष्ट रूप से, चूंकि कोई अधिक मूल्यांकन नहीं था, इसलिए धन के हस्तांतरण पर इन आरोपों की कोई प्रासंगिकता या आधार नहीं है।

समूह ने कहा, ये एफपीआई पहले से ही भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की जांच का हिस्सा हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ओर से नियुक्त विशेषज्ञ समिति के अनुसार, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) आवश्यकताओं के उल्लंघन या स्टॉक की कीमतों में हेरफेर का कोई सबूत नहीं है।

अदाणी समूह ने अपने बयान में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन प्रकाशनों ने, जिन्होंने हमें प्रश्न भेजे थे, हमारी प्रतिक्रिया को पूरी तरह से प्रकाशित नहीं किया। इन प्रयासों का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ, हमारे स्टॉक की कीमतों को गिराकर मुनाफा कमाना है और इन शॉर्ट सेलरों की विभिन्न अधिकारियों की ओर से जांच की जा रही है। चूंकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय और सेबी इन मामलों की निगरानी कर रहे हैं, इसलिए चल रही नियामक प्रक्रिया का सम्मान करना महत्वपूर्ण है।

## समूह ने कहा- हमें कानून पर पूरा भरोसा

हमें कानून की उचित प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और हम अपने खुलासों की गुणवत्ता और कॉरपोरेट प्रशासन मानकों के प्रति आश्वस्त हैं। इन तथ्यों के आलोक में, इन समाचार रिपोर्टों का समय संदिग्ध, शरारतपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण है और हम इन रिपोर्टों को पूरी तरह से खारिज करते हैं।




# हल्दी से उतरने लगा महंगाई का रंग, भाव 20 फीसदी गिरे

नई दिल्ली, एजेंसी। उपभोक्ताओं के लिए यह अच्छी खबर है कि त्योहारी सीजन में हल्दी की कीमतों पर महंगाई का रंग उतरने लगा है। दोगुनी महंगी हुई हल्दी के भाव अब गिरने लगे हैं। बाजार जानकारों के मुताबिक आगे भी हल्दी की महंगाई से और राहत मिलने की उम्मीद है। हल्दी की कीमतों में आ रही गिरावट की वजह ऊंचे भाव पर इसकी मांग कमजोर पड़ना है।

कमोडिटी एक्सचेंज NCDEX पर 4 अगस्त को हल्दी के अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट ने 18,076 रुपये के भाव पर उच्च स्तर छू लिया था। हल्दी के प्रमुख बाजारों में एक इरोड में हल्दी के हाजिर भाव 13,000 से 13,500 रुपे प्रति क्विंटल चल रहे हैं। ऊपरी स्तर से इसके भाव 2,500 से 3,000 रुपए प्रति क्विंटल तक गिर चुके हैं।

हल्दी कारोबारी सुभाष चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस साल हल्दी के भाव बढ़कर दोगुने हो गए थे। इरोड मंडी में भाव 16,000 रुपए प्रति क्विंटल के ऊपरी स्तर तक चले गए। ऊंचे भाव पर हल्दी की मांग कमजोर पड़ने लगी और खरीदारों ने खरीद घटा दी। जिससे हल्दी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। ऊपरी स्तर से हल्दी के भाव 2,500 से 3,000 रुपए क्विंटल गिर चुके हैं। कमोडिटी एक्सपर्ट इंद्रजीत पॉल कहते हैं कि वायदा बाजार में हल्दी के भाव रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद अब मुनाफावसूली हो रही है। साथ ही ऊंचे भाव पर घरेलू व निर्यात मांग भी सुस्त है। इसलिए हल्दी की वायदा कीमतों में कमी आई है। आगे इसकी कीमतों में एक हजार रुपए क्विंटल की और गिरावट आ सकती है। गुप्ता के मुताबिक भी भाव इतने और गिर सकते हैं।

# पुनर्विकास कार्य अदाणी को सौंपने के मामले में महाराष्ट्र सरकार का हलफनामा, कहा- नहीं हुई गड़बड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने इस महीने की शुरुआत में यूएई स्थित कंपनी सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन की ओर से दायर एक याचिका के जवाब में अपना हलफनामा प्रस्तुत किया, जिसमें अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना सौंपने के सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी।

महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय को बताया है कि मुंबई में धारावी झुग्गी पुनर्विकास परियोजना के लिए 2022 में जारी की गई नई निविदा पारदर्शी थी और सबसे ऊंची बोली लगाने वाले अदाणी समूह को कोई अनुचित लाभ नहीं दिया गया।

सरकार ने इस महीने की शुरुआत में यूएई स्थित कंपनी सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन की ओर से दायर एक याचिका के जवाब में अपना हलफनामा प्रस्तुत किया, जिसमें अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना सौंपने के सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हलफनामे में कहा गया है, याचिकाकर्ता ने निराधार और लापरवाह आरोप लगाए हैं जैसे कि उत्तरदाताओं के कार्यों को बिना किसी आधार या सामग्री के राजनीति से प्रेरित होना क्योंकि वास्तव में कोई भी मौजूद नहीं है। अकेले इस तरह के लापरवाह आरोप लगाने के लिए, रिट याचिका को लागत के साथ खारिज कर दिया जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ 31 अगस्त को याचिका पर सुनवाई करेगी। राज्य आवास विभाग के उप सचिव की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता कंपनी ने झूठे और निराधार आरोप लगाए हैं कि पुरानी निविदा को रद्द करना राजनीति से प्रेरित था÷ और इन आरोपों का खंडन जाता है।

उन्होंने कहा, मैं कहता हूं कि उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद निविदा प्रक्रिया रद्द की गई है। मैं इस बात से भी इनकार करता हूं कि नई निविदा प्रतिवादी संख्या 3 (अदाणी समूह) के पक्ष में जारी की गई थी। मैं कहता हूं कि नई निविदा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई थी और वास्तव में नई निविदा ने पुरानी निविदा में भाग लेने वालों की तुलना में अधिक बोलीदाताओं को आकर्षित किया। सरकार ने कहा कि सचिवों की समिति और मंत्रिमंडल की मंजूरी प्राप्त करने के बाद नई निविदा संशोधित नियमों और शर्तों के साथ वास्तविक तरीके से और तर्कसंगत आधार पर जारी की गई थी। पीठ ने कहा, किसी की भागीदारी को बाहर रखने का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि बोली नए सिरे से जमा करने की जरूरत थी और याचिकाकर्ता भी नयी निविदा के नियमों और शर्तों का पालन करते हुए बोली जमा कर सकता था।

# पहली तिमाही में 43 शहरों में घर हुए महंगे, 7 में कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के 43 शहरों में 2023-24 की पहली तिमाही में घर महंगे हुए हैं। वहीं सात शहरों में आवासीय इकाइयों के दाम घटे हैं। राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आवास वित्त कंपनियों के नियामक ने कहा कि एनएचबी आवास मूल्य सूचकांक के मुताबिक आवास ऋण की दरें अब भी महामारी-पूर्व के स्तर से कम हैं। इस दौरान अहमदाबाद में संपत्ति की कीमतों में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बेंगलुरु में



8.9 प्रतिशत और कोलकाता में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। आवास मूल्य सूचकांक के अनुसार, चेन्नई में घरों के दाम में 1.1 प्रतिशत, दिल्ली में 0.8 प्रतिशत, हैदराबाद में 6.9 प्रतिशत, मुंबई में 2.9 प्रतिशत और पुणे में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से जमा किए गए संपत्तियों के मूल्यांकन मूल्यों के आधार पर 50 शहरों के एचपीआई में 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान 4.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई। एक साल पहले यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। इस दौरान सबसे अधिक 20.1 प्रतिशत की वृद्धि गुरुग्राम में रही। वहीं सबसे अधिक गिरावट लुधियाना में (19.4 प्रतिशत) देखी गई।




# बॉलीवुड के सुंदरता के पैमानों पर सैयामी बोलीं- जिम्मेदारी से प्रचार करें सितारे

फिल्मी हस्तियां ब्रैंड्स के प्रचार के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। कई बार नुकसानदेह चीजों के प्रचार के लिए उनकी खूब आलोचना भी होती है। उत्पादों को लेकर उनकी जिम्मेदारी पर अक्सर सवाल उठाए जाते हैं।

खासकर, बॉलीवुड द्वारा तय किए गए अवास्तविक सौंदर्य पैमानों की खूब आलोचना होती है। उन्हें युवाओं में हीन भावना भरने के लिए खूब खरी-खोटी सुनाई जाती है। अब अभिनेत्री सैयामी खेर ने इस मुद्दे पर अपनी बात कही है। सैयामी उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो बिकने वाली खूबसूरती की बजाय हमेशा अपने आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। बॉलीवुड द्वारा तय किए गए खूबसूरती के पैमानों से वह किनारा कर चुकी हैं। वह पहले भी इस पर खुल कर अपनी राय रख चुकी हैं। सैयामी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह पेशा जिम्मेदारियों के साथ आता है। आपको उसी चीज का प्रचार करना चाहिए, जो सही हो। मुझे लगता है कि आप जो भी हैं, उसमें आपको सुरक्षित महसूस करना चाहिए। हर कोई अपने आप में खास होता है। अगर आप ऐसी फैक्ट्री बनाने लगे जहां सब एक जैसे दिखें, तो एक फैक्ट्री में तैयार किए गए रोबोट बन जाएंगे। मैं यह मानती हूं कि हमें खुद पर गर्व होना चाहिए।'



सैयामी बीते दिनों आर बाल्की की फिल्म 'घूमर' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में उन्होंने एक क्रिकेटर की भूमिका निभाई है, जो दुर्घटना का शिकार होकर अपना दांया हाथ गंवा देती है। इसके बाद कोच (अभिषेक) उसकी जिंदगी में रोशनी की किरण लेकर आता है और उसे एक हाथ से ही गेंदबाजी करने की सलाह देता है। फिल्म को समीक्षकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है।

सैयामी ने 2016 की फिल्म 'मिर्जया' से हिंदी फिल्मों में कदम रखा था। इसके बाद वह 'चोक्ड' और अनपॉज्ड' में नजर आईं। सैयामी 'स्पेशल ऑप्स', 'ब्रीद इनटू द शैडोज' और 'फाडु' जैसी वेब सीरीड में भी काम कर चुकी हैं। वह इसी साल आई फिल्म '8 एएम मेट्रो' में नजर आई थीं। 'घूमर' के बाद अब वह फिल्म 'अग्नि' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ दिव्येंदु शर्मा और प्रतीक गांधी भी होंगे। सैयामी अभिनेत्री से पहले खिलाड़ी रह चुकी हैं। स्कूल लेवल पर वह महाराष्ट्र के लिए क्रिकेट खेलती थीं और राष्ट्रीय टीम के लिए भी चुनी गई थीं। हालांकि, उन्होंने इसे छोड़कर बैडमिंटन स्टेट चैंपियनशिप

# बिलावस्का की फेवरेट हैं प्रियंका

मिस वर्ल्ड 2022 करोलिना बिलावस्का मिस वर्ल्ड ब्यूटी कॉम्पिटिशन के 71वें वर्जन के लिए भारत में हैं, जो 8 दिसंबर को कश्मीर में किया जाएगा। इस मौके से पहले, दिवा देश का भ्रमण कर रही हैं, क्योंकि वह एक दिन के लिए कश्मीर में थीं, उन्होंने डल झील पर शिकारे की सवारी की और मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की चेयरपर्सन और सीईओ जूलिया मॉर्ले के साथ कश्मीरी फेरन पहना। इसके बाद सोमवार को ब्यूटी क्वीन देश की राजधानी दिल्ली में गईं। इसके बाद सोमवार को ब्यूटी क्वीन देश की राजधानी दिल्ली में गईं। जहां एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री और इसमें काम करने की अपनी ख्वाहिशों को सबके सामने रखते हुए बाकि सितारों की तारीफ की। करोलिना बिलासवस्का ने सुपरस्टार शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा के लिए तारीफों के पुल बांधते हुए संजय लीला भंसाली और साजिद नाडियाडवाला जैसे जाने-माने फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने की इच्छा जताईं। उन्होंने यह भी बताया कि वह एक दिन हिंदी सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हैं और मुंबई में रहना चाहती हैं। उन्होंने इसे 'सपने के सच होने' जैसा बताते हुए संजय लीला भंसाली के काम की सराहना की और कहा, 'एसएलबी अविश्वसनीय फिल्में बना रहे हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वह एक राजकुमारी की तरह दिखती हैं। मैं साजिद नाडियाडवाला से भी मिलना चाहती हूं। उनके साथ काम करना एक सपना होगा। इसके अलावा, पेजेंट विनर ने प्रियंका चोपड़ा को अपनी पसंदीदा अभिनेत्री बताया और खुलासा किया कि उन्होंने अभिनेता की आखिरी फिल्म द स्काई इज पिंक देखी थी। उन्होंने कहा, वह मेरे लिए एक आइकन हैं। मैं उससे बहुत सारी चीज़ों के लिए प्यार करती हूं। करोलिना ने बताया कि उन्हें इस जर्नी के दौरान हिंदी फिल्में देखा जिसमें उनको बहुत मजा आया। आगे करोलिना ने बताया कि अक्सर जब मैं हवाई जहाज़ पर जाती हूं तो उनके पास आमतौर पर बॉलीवुड फिल्में होती हैं, उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैं इसे इन फिल्मों में शानदार डांस और रंगों के लिए देखती हूं। यह खूबसूरत है।







# नयनतारा ने इंस्टाग्राम की दुनिया में रखा कदम

साउथ सुपरस्टार नयनतारा इन दिनों किंग खान की मचअवेटेड फिल्म 'जवान' को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आज यानी 31 अगस्त को रक्षाबंधन के खास मौके पर एसआरके के फैंस को एक नहीं बल्कि दो खास राखी के तोहफे मिले हैं। एक यह कि आज के शुभ अवसर पर शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का दमदार ट्रेलर जारी किया गया है। तो वही, दूसरी ओर साउथ की खूबसूरत हसीना और इस फिल्म की एक्ट्रेस नयनतारा ने अपना इंस्टाग्राम डेब्यू किया है। जवान की रिलीज से पहले नयनतारा ने इंस्टाग्राम की दुनिया में कदम रखा है। उन्होंने अपने जुड़वां बेटों के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो को फैंस के साथ शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 'नान वंधुतेन नू सोल यानी कहो कि मैं आ गई हूं...' सोशल मीडिया यूजर्स ने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस का स्वागत किया।

# वीकेंड से पहले ही बढ़ा 'ड्रीम गर्ल 2' का कलेक्शन

आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे स्टारर ड्रीम गर्ल 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। अब फिल्म अपने बिजनेस को बढ़ाती जा रही है। ड्रीम गर्ल 2 को रक्षाबंधन का भी फायदा मिला। इसके साथ ही 6 दिनों में फिल्म ने शानदार बिजनेस कर लिया है। ड्रीम गर्ल 2 साल 2019 में आई फिल्म ड्रीम गर्ल का सीक्वेल है। ड्रीम गर्ल 2 के अब तक के बिजनेस रिपोर्ट की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ से ज्यादा कमाई की। इसके साथ ही ये आयुष्मान खुराना की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है।



ड्रीम गर्ल 2 ने रिलीज के पहले वीकेंड में ही 40 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर लिया। हालांकि, वर्क डेज में फिल्म को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ा। सोमवार को ड्रीम गर्ल 2 ने 5.42 करोड़ का बिजनेस किया। वहीं, मंगलवार को कलेक्शन 5.87 करोड़ रहा। ड्रीम गर्ल 2 को रक्षाबंधन की छुट्टी का फायदा मिला और वीकेंड आने से पहले ही कमाई में इजाफा देखने को मिल रहा है। ड्रीम गर्ल 2 ने बुधवार को लगभग 7.50 करोड़ का बिजनेस किया है। इसके साथ ही 6 दिनों में ड्रीम गर्ल 2 ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 59.50 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com